भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न प्रश्न संख्या 2492

उत्तर देने की तारीख 13.03.2025

तमिलनाडु में ईएमआरएस में स्थायी शैक्षणिक कर्मचारी

2492. श्री माथेस्वरन वी.एस.:

क्या ***जनजातीय कार्य*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) तमिलनाडु के नामक्कल जिले के सेंगाराई में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) में वर्तमान में कार्यरत स्थायी शैक्षणिक कर्मचारियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त ईएमआरएस के लिए स्थायी शैक्षणिक कर्मचारियों की स्वीकृत संख्या कितनी है;

(ग) उक्त विद्यालय के लिए स्थायी शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति करने की समय-सीमा क्या है; और

(घ) उक्त विद्यालय के लिए स्थायी शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु शुरू की गई भर्ती का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

(क) से (घ): व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने देश भर में प्रति एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) कुल 52 पदों को मंजूरी दी है। ये स्वीकृत पद प्रत्येक विद्यालय में कार्यात्मक (कार्यशील) कक्षाओं के अनुसार हैं। इसलिए, कक्षा VI से XII तक 480 की छात्र संख्या वाले कार्यात्मक विद्यालय के लिए कुल स्वीकृत संख्या 52 है।

ईएमआरएस विद्यालयों की स्थापना, अनुदान, रखरखाव, नियंत्रण और प्रबंधन के लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत भारत सरकार द्वारा 2019 में एक स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) की स्थापना की गई है। एनईएसटीएस की रिपोर्ट के अनुसार, तमिलनाडु सरकार ने ईएमआरएस योजना के तहत एनईएसटीएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, और इसलिए एनईएसटीएस ने सेंगाराई, नामक्कल जिले में ईएमआरएस सहित तमिलनाडु के लिए स्थायी शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती की योजना नहीं बनाई है। तमिलनाडु के मौजूदा 8 ईएमआरएस का प्रबंधन तमिलनाडु की राज्य सरकार द्वारा ही किया जा रहा है।

*****